देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 22.05.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा –प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति परीक्षा पैटर्न जल्द लागू किया जाएगा।
- देहरादून के थाना पटेलनगर क्षेत्र से पुलिस ने पांच संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।
- राज्य में सैनिक विश्राम गृहों, सैनिक कल्याण भवनों व शहीद द्वारों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति परीक्षा पैटर्न जल्द लागू किया जाए। इसके लिए उन्होंने परीक्षा पैटर्न व अन्य प्राविधानों को समाहित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कल मुख्य सचिव ने देहरादून सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा में माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत भारत दर्शन योजना को विस्तारित किए जाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम से कम 1 हजार बच्चों को भारत दर्शन यात्रा करायी जाए, जिसे अगले वर्ष बढ़ाकर 5000 करने का लक्ष्य तय करने पर जोर दिया। साथ ही भारत दर्शन यात्रा की अवधि को बढ़ाकर 7 दिन किए जाने के भी निर्देश दिए। जबकि देश के प्रतिष्ठित विज्ञान और तकनीकी संस्थानों के साथ ही सैन्य प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्य आयोजित करने को कहा गया।

श्री बर्द्धन ने प्रस्तावित 559 क्लस्टर स्कूलों के निर्माण में तेजी लाने और स्कूलों के लिए सभी प्रस्तावित हॉस्टल फैसिलिटी की डीपीआर को भी एक माह में तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज के लए कम्प्यूटर लैब के लिए एक समर्पित हैड खोले जाने को कहा।

हिरासत

विशेष कार्य बल–एसटीएफ और देहरादून पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में देहरादून के थाना पटेलनगर क्षेत्र से पांच संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान सभी के बांग्लादेशी नागरिक होने के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सत्यापन को लेकर लगातार अभियान चलाने के साथ ही मुखबिरों से भी सूचनाएं ली जा रही है। संदिग्ध पर

तत्काल कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी पटेलनगर थाना क्षेत्र से बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

एनसीसी कैडेट्स

साहस, दृढता और अनगिनत चुनौतियों को पार करने की अदभुत मिशाल पेश करते हुए प्रदेश के तीन युवा राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के कैडेट्स ने दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक आरोहण किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवा कैडेट्स को उनकी सफलता पर बधाई देते हुये उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि केवल इन कैडेट्स की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। उनका साहस और समर्पण देश के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनकी सफलता एनसीसी के मूल्यों, अनुशासन, टीमवर्क और उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयास का प्रतीक है। वीरेन्द्र सामन्त, मुकुल बंगवाल और सचिन कुमार ने ये उपलब्धि 18 मई को प्राप्त की। कैडेट सामन्त ने कहा कि यह हमारी जीत नहीं है, यह हर उस युवा की जीत है जो सपने देखता है। हमने कडी चुनौतियों का सामना किया लेकिन हर कदम पर हमें अपने आप पर, अपनी टीम पर और इस सपने को पूरा करने पर विश्वास था।

जुर्माना वसूला

पौड़ी गढ़वाल पुलिस ने जिले में सत्यापन अभियान चलाते हुए 500 से अधिक व्यक्तियों के भौतिक सत्यापन करने के साथ ही 103 मकान मालिकों से 10 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में सभी थानाध्यक्षों को अपन–अपने थानाक्षेत्रों में बाहरी लोगों का सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने सभी मकान मालिकों से अपने किरायदारों का नजदीकी पुलिस थाने में सत्यापन करवाने की अपील भी की है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवा निवृत्त ने कहा कि वित्तीय जागरूकता केवल व्यक्तिगत समृद्धि नहीं बल्कि समग्र आर्थिक विकास का भी आधार है। उन्होंने इस प्रकार की पहलों को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आमजन, विशेषकर युवाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ये बात कल राजभवन में भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में आयोजित वित्तीय जागरूकता सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने स्कूलों और महाविद्यालयों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि आज भी देश में बड़ी संख्या में लोग वित्तीय योजना, निवेश और बचत से संबंधित बुनियादी जानकारियों से वंचित हैं। इस सेमिनार से प्रतिभागियों ने न केवल अपने वित्तीय कौशल को

मजबूत किया होगा, बल्कि साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए भी महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की होगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की ओर से व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन और सुरक्षित बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

गणेश जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों, सैनिक कल्याण भवनों व शहीद द्वारों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कल कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा के दौरान ये निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री ने सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों को नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के माध्यम से भवन कर में छूट प्रदान करने की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता" पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाए, जिससे सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान को सम्मान दिया जा सके। बैठक में श्री जोशी ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने के प्रस्तावों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा "ड्रोन दीदी योजना" के अंतर्गत वीर नारियों और वीरांगनाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने पर जोर दिया, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। साथ ही उपनल के माध्यम से पूर्व सैनिकों को विदेशों में रोजगार दिलाने संबंधी कार्यों को भी तेजी करने को कहा।

मौसम

उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। कल शाम से देर रात तक प्रदेश के कई इलाकों में रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। उत्तरकाशी जिले के बड़कोट क्षेत्र में भारी बारिश हुई, हालांकि बारिश से किसी भी तरह के नुकसान की ख़बर नहीं है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग का कहना है कि आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का यह सिलसिला जारी रह सकता है।

वहीं, चारधाम यात्रा पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ा है। सभी यात्रा मार्ग पूरी तरह से खुले हुए हैं और तीर्थयात्रा सुचारु रूप से जारी है।

आदि कैलाश

आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा के लिए दूसरा दल रवाना हो गया है। दल में सभी 28 यात्रियों ने नाभीढांग पहुचकर ओम पर्वत के दर्शन कर लिये और वहां ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाकर अपनी वर्षों की अभिलाषा व अभीष्ट पूरा होने पर खुशी व्यक्त की। कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित इस धार्मिक यात्रा के पहले दल की यात्रा कल पूरी हो गयी।

क्लस्टर

पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित पाबौ का मरोड़ा गांव क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा। कल विकासखंड पाबौ में आयोजित क्लस्टर डेवलपमेंट प्लान कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मरोड़ा गांव में कृषि सहित स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से साकार किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को कहा कि वे गांव की आवश्यकताओं और संभावनाओं की सूची तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि गांव में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जाएगा और फलों के जूस निकालने की मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से पूर्व आवश्यक प्रशिक्षण के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है... इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– प्रदेश सरकार 12 जिलों में पंचायत चुनाव को तैयार, सरकार ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर दी जानकारी।

धामी कैबिनेट की बैठक 28 मई को, इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है–उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिल सकती है हरी झंडी....

हाईस्कूल की परीक्षा साल में दो बार कराने की तैयारी– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा, इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– इस साल एक हजार तो अगले साल पांच हजार विद्यार्थी करेंगे भारत दर्शन।

कोरोना का नया वेरिएंट मिलने के बाद उत्तराखंड में भी अलर्ट– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– सचिव स्वास्थ्य ने सभी मेडिकल कॉलेजों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश।

उत्तराखंड में बीते दिन जमकर हुई बारिश– मौसम की खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– बारिश और ओलावृष्टि से गदेरे उफान पर, घरों में घुसा मलबा।